भाषण स्पर्धा में संजौली के मोहित प्रथम

शिमला। संजौली कॉलेज के समाज शास्त्र विभाग ने बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा मुख्यातिथि रही। सामाजिक विषयों पर आयोजित की भाषण स्पर्धा में मोहित ने पहला, दिव्या ने दूसरा और प्रेरणा ने तीसरा स्थान पाया। पोस्टर बनाने की स्पर्धा में हिमांक्षी ने पहला, अक्षिता ने दूसरा और प्रियांशी ने तीसरा स्थान पाया। विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र चौहान ने बताया कि प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ब्यूरो